महत्वपूर्ण एवं खास

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को बढ़ावा देने के लिए प्रचार-प्रसार हेतु घरघोड़ा में कार्यशाला 28 फरवरी को

न्याय साक्षी/रायगढ़। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को बढ़ावा देने के लिए प्रचार-प्रसार हेतु 28 फरवरी 2020 को विकासखण्ड घरघोड़ा में कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र रायगढ़ द्वारा कार्यशाला में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के बारे में शासन द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं एवं रियायतों के संबंध में जानकारी दी जाएगी। विकासखण्ड घरघोड़ा में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित करने हेतु इच्छुक उद्यमी 25 फरवरी को पूर्वान्ह 11 बजे से जनपद पंचायत सभाकक्ष घरघोड़ा में उपस्थित होकर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

15 से 29 फरवरी तक मनाया जा रहा है गैर संचारी रोग निदान व उपचार पखवाड़ा

» 30 वर्ष से अधिक आयु के लोगों की होगी जांच

न्याय साक्षी/रायगढ़। कलेक्टर यशवंत कुमार के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी के मार्गदर्शन में 15 से 29 फरवरी तक जिले के समस्त सभी उप.स्वा.केन्द्र, प्रा.स्वा.केन्द्र हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर में गैर संचारी रोग (एन.सी.डी) निदान एवं उपचार पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसके तहत 30 वर्ष से अधिक उम्र वाले व्यक्ति का मधुमेह जांच, उच्च रक्त चाप जांच, महिलाओ में स्तन, गर्भाशय, एवं ग्रीवा कैंसर स्क्रीनिंग एवं पुरूषों तथा महिलाओं में मुंह का कैंसर का स्क्रीनिंग कार्य किया जा रहा हैं। स्व-सहायता समूह हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर में ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक (महिला/पुरूष) के साथ मिलकर स्क्रीनिंग एवं एन.सी.डी.काउंसलिंग में सहयोग करेंगे। सामुदायिक एवं जिला अस्पताल स्तर पर उपलब्ध विशेषज्ञ, दंत चिकित्सक, नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ, मनोरोग विशेषज्ञ एवं अन्य आवश्यकतानुसार विशेषज्ञों से सहयोग लिया जाकर रेफर किये हुये मरीजों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने एन.सी.डी निदान एवं उपचार पखवाड़ा का अधिक से अधिक लोगों को लाभ उठाने के लिए आग्रह किया है।

मुख्यमंत्री पंचायत सशक्तिकरण अभियान योजनान्तर्गत संविदा पदों के लिए कौशल परीक्षा 18 मार्च को

» पात्र अभ्यर्थियों की सूची जारी

न्याय साक्षी/रायगढ़। मुख्यमंत्री पंचायत सशक्तिकरण अभियान योजना (बीपीआरसी) के अंतर्गत जिले के जनपद पंचायतों में संकाय सदस्य, डाटा एन्ट्री आपरेटर एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रिक्त पदों की के लिए आमंत्रित आवेदनों का चयन समिति द्वारा परीक्षण कर पात्र मेरिट सूची जारी कर दी गई है। दस्तावेज सत्यापन तथा कौशल परीक्षा हेतु वरीयता क्रम से 1:05 के आधार पर जारी अभ्यर्थियों की यह सूची जिला पंचायत रायगढ़ के सूचना पटल व जिले के वेबसाईट www.raigarh.gov.in में देखी जा सकती है। समस्त पदों हेतु पात्र आवेदकों का दस्तावेज सत्यापन तथा कौशल परीक्षा दिनांक 18 मार्च 2020 को प्रातः 11 बजे से जिला पंचायत कार्यालय, रायगढ़ में आयोजित की गई है। सभी अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता हे कि समस्त शैक्षणिक तथा अन्य दस्तावेजों की मूल प्रति, पहचान पत्र के साथ निर्धारित तिथि एवं स्थान पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

जिला कार्यक्रम प्रबंधक - वित्तीय समावेशन की नियुक्ति प्रक्रिया निरस्त

रायपुर। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के अंतर्गत बलरामपुर-रामानुजगंज के लिए जिला कार्यक्रम प्रबंधक - वित्तीय समावेशन के पद पर नियुक्ति प्रक्रिया को अपरिहार्य कारण से निरस्त कर दिया गया है।

लोकवाणी में इस बार महिलाओं को बराबरी के अवसर विषय पर होगी बात

» आगामी कड़ी का प्रसारण 8 मार्च को

न्याय साक्षी/रायगढ़। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल लोकवाणी में इस बार महिलाओं को बराबरी के अवसर विषय पर प्रदेशवासियों से बात करेंगे। इस संबंध में कोई भी व्यक्ति आकाशवाणी रायपुर के दूरभाष नम्बर 0771-2430501,2430502, 2430503 पर 26, 27 एवं 28 फरवरी को अपरान्ह 3 से 4 बजे के बीच फोन करके अपने सवाल रिकार्ड करा सकते हैं।

धान की खेती के साथ बाजार के मांग के अनुरूप अन्य फसलों की भी खेती करें - उइके

» छत्तीसगढ़ में कृषि की अपार संभावनाएं- महंत » राज्यपाल राष्ट्रीय कृषि मेला के समापन समारोह में हुई शामिल

रायपुर। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने कहा कि धान की खेती के साथ ही बाजार की मांग के अनुसार अन्य फसलों की भी खेती करें। साथ ही कृषि से जुड़े पशुपालन, मत्स्य पालन, मुर्गी पालन और मधुमक्खी पालन आदि कर अपनी आमदनी बढ़ाएं और खेती को लाभ का धंधा बनाएं। राज्यपाल सुश्री उइके आज तुलसी बाराडेरा रायपुर में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय कृषि मेला के समापन समारोह को संबोधित कर रही थी। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल, कृषि मंत्री श्री रवीन्द्र चौबे को किसानों को

धान का उचित मूल्य देने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि वे छत्तीसगढ़ में बायोटिक स्ट्रेस सेंटर प्रारंभ करने के लिए केन्द्रीय कृषि मंत्री को पत्र लिखेंगी। मेले में राज्यपाल सहित अन्य अतिथियों ने ड्रोन के माध्यम से दवाई छिड़काव का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कृषि सम्मान निधि से प्रदेश के किसानों को सहायता प्राप्त हो रही है। जिन आदिवासियों को वन अधिकार पट्टा प्राप्त हुआ है उन्हें भी इसका लाभ मिलना चाहिए। इस मेले में मुझे ऐसे नये तकनीक देखने को मिली जिसे किसान अपनाकर कृषि को लाभकारी बना सकते हैं। राज्यपाल सुश्री उइके ने कहा कि हमारा किसान आर्थिक रूप से सशक्त हो, इसके लिए आवश्यक है कि उन्हें उनकी उपज का उचित और लाभदायक प्रतिफल प्राप्त हो। कृषि उत्पादन से लेकर अंतिम उपभोक्ता तक पहुँचने के बीच में होने वाले नुकसान को कम किया जाए। बेहतर बाजार व्यवस्था, फसल कटाई के बाद की सुविधाओं का विस्तार और प्रोसेसिंग सुविधाओं के जरिए इन नुकसानों को कम किया जा सकता है। इससे किसानों को बाजार के अनुरूप और सही कीमत प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि कृषि उत्पादों पर आधारित छोटे-छोटे कोल्ड स्टोरेज और प्रसंस्करण केन्द्र स्थापित किया जाना चाहिए, इससे अधिक उत्पादन की स्थिति में उत्पादों को सुरक्षित रखकर बाद में उनका सदुपयोग होगा।

कच्ची शराब बिक्री के लिए लेकर आते 02 व्यक्तियों को कोतवाली पुलिस ने पकड़ा

» आरोपियों से 20 लिटर कच्ची महुआ शराब जब्त

न्याय साक्षी/रायगढ़। थाना सिटी कोतवाली रायगढ में दिनांक 24.02.2020 को पदस्थ प्रधान आरक्षक नंदू सारथी एवं हमराह स्टाफ द्वारा मुखबिर सूचना पर धांगरडीपा की ओर से दूध डेयरी की ओर आ रहे दो व्यक्तियों को रोके जिनके हाथ में एक-एक थैले था जिन्हें पुलिस स्टाफ द्वारा पुछताछ करने पर अपना नाम अमित पटेल व सागर साहू बताये।

दोनो के थैलों को चेक करने पर दोनो थैलों में एक-एक 10-10 लीटर वाली जरिकेन थी जिसमें हाथ भट्ठी का बना हुआ कच्ची महुआ शराब पूरा भरा हुआ था, जिसे जप्त किया गया। आरोपी सागर साहू पिता स्व0 योगी लाल साहू उम्र 27 वर्ष सा0 राजीवनगर गली नं0 01 कोतरारोड रायगढ व अमित पटेल पिता दऊआ राम पटेल उम्र 27 वर्ष सा0 राजीव नगर गली नं0 01 कोतरारोड रायगढ ने उक्त शराब अवैध रूप से बेचने के लिये लेकर आना बताये। आरोपियों के विरूद्ध थाना कोतवाली में धारा 34(2),59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

कैश बैक करने के पर 28,500 रूपये की ठगी, चक्रधरनगर थाने में दर्ज मामला

न्याय साक्षी/रायगढ़। जनपद पंचायत रायगढ़ में कार्यरत मोनिका पाल पिता राजेन्द्र पाल उम्र 24 साल मूल निवास ग्राम सेमरा पेण्ड्रारोड जिला गौरेला पेण्ड्रा - मरवाही के मोबाईल पर दिनांक 22.02.2020 को मोबाईल नं. 8695349319 से काल आया । उस अज्ञात व्यक्ति ने अपना परिचय देते हुए कहा कि मैं PayU Payment Pvt. Ltd. से बोल रहा हूं । उसने मोनिका पाल को फोन पे एप्स में पर्चेस करने पर प्राप्त केश बेक कराने की बात कहकर ओटीपी मांगा जिसे मोनिका पाल ने ओ.टी.पी. बता दिया, जिसके बाद उसके केनरा बैंक के खाता से 28,500 रू. पेयू पेमेंट प्रा. लिमिटेड को ट्रांसफर हो गया । मोनिका पाल के लिखित शिकायत पर से मोबाईल नंबर धारक 8695349319 के विरूद्ध अप.क्र. 62/2020 धारा 420 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

सारंगढ़ में रिक्त आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए 5 मार्च तक आवेदन आमंत्रित

न्याय साक्षी/रायगढ़। एकीकृत बाल विकास परियोजना सारंगढ़ अंतर्गत ग्राम-गुडेली, गंधराचुंआ एवं सरियादरहा में आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए 5 मार्च 2020 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। इच्छुक आवेदिका नियत तिथि तक अपना आवेदन परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना सारंगढ़, जिला-रायगढ़ में जमा कर सकते है।

» आरोपीगण भेजे गए न्यायिक रिमांड पर

अवैध कबाड पर भूपदेवपुर पुलिस की कार्यवाही

न्याय साक्षी/रायगढ़। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के पति का निर्देशन पर जिले में अवैध कबाड, जुआ, सट्टा, शराब, गांजा के विरूध्द अंकुश लगाने हेतु थाना/चौकियों में कार्यवाही निरंतर जारी है। इसी क्रम में दिनांक 24.02.2020 को मुखबीर सूचना पर भूपदेवपुर पुलिस द्वारा देवरी के 1- दिलीप लहरे, 2- डिग्रीलाल बंजारा, 3- गजानंद बंजारा को चोरी के कबाड लोहे एंगल, पाईप, को चोरी कर लेकर जाते हुए विसा प्लांट के बंजारापारा

गेट के सामने पकड़े। आरोपीगण कबाड़ छिपाकर रखे हुए थे जिसे बेचने की मुखबिर सूचना पर भूपदेवपुर थाना प्रभारी निरीक्षक उत्तम साहू एवं स्टाफ उप निरी.के.के. पटेल महिला प्र0आर0 अरूणा आर. घनश्याम सिदार, मिनकेतन पटेल के टीम द्वारा घेराबंदी कर पकड़े। आरोपीगण के कब्जे से लोहे के कबाड एंगल, पाईप, स्लेग, लोहे के टुकडे करीबन 6 टन कीमती 1,20,000/- रूपये जप्त किया गया है।

आरोपियों के विरुद्ध थाना भूपदेवपुर में धारा 41(1-4) सीआरपी सी 379 आईपीसी के तहत कार्यवाही कर दिनांक 24.02.2020 को न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया है।

फोन पे का गिफ्ट व्हाऊचर कैश कराने के नाम पर 30,600 रूपये हड़पे

कोतरारोड़ में अपराध दर्ज

न्याय साक्षी/रायगढ़। थाना कोतरारोड़ अन्तर्गत ग्राम नंदेली निवासी रफिक खान पिता स्व0 इबराहिम खान पीइसपीएल कंपनी के अंडर डी0पी0पावर टुण्ड्री में सुपरवाईजर के पद पर कार्यरत है। दिनांक 20.02.2020 के सुबह 10.30 बजे रफिक खान के मोबाईल पर मोबाइल नंबर 7735745962 से फोन आया कॉलर ने बोला कि आपके मोबाइल फोन पेय में गिफ्ट बाउचर 2650 रूपये का चार बार पेय करगे तो गिफ्ट बाउचर 10,000 रूपये का मिलेगा कहा और एक लिंक भेजा जिसमें रफिक ने 4 बार 2650 रू. फोन पेय किया फिर उसी कॉलर ने बोला कि आपका फोन पे पूरा नहीं हुआ है, पुनः लिंक भेज रहा हूं उसमें 4999 रू. का चार बार फोन पेय कीजिए आपका पूरा पैसा वापस हो जायेगा। तब रफिक ने दुबारा मोबाइल फोन



पेय में जाकर चार बार 4999 रू का फोन पेय किया तो उसके एकांट से 30,600 रूपये किसी और एकाउंट में ट्रांसफर होने का मैसेज आया। कॉलर को कॉल करने पर उसने रूपये रफिक के एकांउट में ट्रांसफर कर दुंगा बोला परन्तु नहीं किया। तब रफिक द्वारा थाना कोतरारोड़ में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया, रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध अप.क्र. 27/2020 धारा 420 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

मोबाईल फोन पर गाली गलौच, कॉलर पर सारंगढ़ थाने में जुर्म दर्ज

न्याय साक्षी/रायगढ़। थाना सारंगढ में दिनांक 22.02.2020 को ग्राम गुडेली में रहने वाला विजय बसंत पिता स्व. भनेश बसंत उम्र 38 वर्ष ने अज्ञात कॉलर द्वारा मोबाइल पर गाली गलौज करने के संबंध में आवेदन दिया। आवेदन पर दिनांक 21.02.2020 के रात्रि 08:51 बजे कॉलर मोबाईल नंबर 96170 जेड से विजय बसंत के मोबाइल पर मिस काल किया। विजय बसंद द्वारा काल किया गया तो कॉलर का मोबाईल व्यस्त बताया, कुछ मिनट बाद उसी नंबर से विजय बसंत के मोबाइल नंबर पर काल कर कॉलर ने पंचायती चुनाव की बात को लेकर अश्लील गाली गलौज कर मारने पीटने की धमकी दिया। आवेदन पत्र की जांच दौरान विजय बसंत अपने मोबाईल पर उक्त गाली गलौच की रिकॉडिंग सुनाया। आवेदन पत्र पर से अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध थाना सारंगढ़ में अप.क्र. 76/2020 धारा 507 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

ई-एजुकेटर्स का राज्य स्तरीय प्रशिक्षण 26 से 28 फरवरी तक

रायपुर। गढ़बो डिजिटल छत्तीसगढ़'' मुख्यमंत्री शहरी कार्यात्मक साक्षरता कार्यक्रम अन्तर्गत छत्तीसगढ़ के नए 14 ई-साक्षरता केंद्रों और पूर्व के संचालित 36 केंद्रों के अप्रशिक्षित ई-एजुकेटर्स का राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन 26 से 28 फरवरी तक राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद शंकर नगर रायपुर में किया गया हैं। कार्यशाला में ई-एजुकेटर्स के अलावा चिन्हांकित जिला परियोजना अधिकारी और स्त्रोत व्यक्तियों को भी प्रशिक्षण दिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह के

कुशल मार्गदर्शन और राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण के संचालक एवं सदस्य सचिव श्री जितेंद्र शुक्ला के निर्देशन में देश में पहली बार शहरी क्षेत्र के डिजिटल असाक्षरों के लिए गढ़बो डिजिटल छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री शहरी कार्यात्मक साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत छत्तीसगढ़ में क्रमशः दो चरणों मे 36 और 14 कुल 50 केन्द्र प्रारंभ किए गए हैं। राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण गढ़बो डिजिटल छत्तीसगढ़ कार्यक्रम के नोडल अधिकारी प्रशांत कुमार पाण्डेय ने बताया कि नवाचारी कार्यक्रम गढ़बो डिजिटल छत्तीसगढ़ में 15 से 60 आयु समूह के डिजिटल असाक्षरों को प्रशिक्षित ई-एजुकेटर द्वारा एक माह में डिजिटल उपकरणों के उपयोग करना सिखाया जाता है। डिजिटल साक्षरता के अंतर्गत कम्प्यूटर, मोबाइल सहित डिजिटल डिवाइस को चलाना, कम्प्यूटर के पुर्जे का उपयोग, मोबाइल फोन का उपयोग, टेबलेट की जानकारी व उपयोग, इंटरनेट का उपयोग, सर्च इंजन का उपयोग ई-मेल का परिचय, सोशल मीडिया, फेसबुक, ट्वीटर, व्हाटसअप का उपयोग। विभिन्न सेवाओं का आनलाइन भुगतान, आनलाइन बुकिंग, रेल, बस टिकिट बुक करना, मोबाइल रिचार्ज, टीवी रिचार्ज, बिजली बिल इत्यादि का भुगतान और विभिन्न सेवाओं के लिए आनलाइन फार्म भरना सिखाया जाता है। विषय विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न विषयों में पॉवर पाइंट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। डिजिटल साक्षरता के अलावा व्यक्तित्व विकास, चुनावी साक्षरता, वित्तीय साक्षरता, विधिक साक्षरता, श्रेष्ठ पालकत्व, जीवन मूल्य आदि का भी प्रशिक्षण दिया जाता है।

नन्हें पार्थ को जतन केन्द्र की स्वास्थ्य सुविधा का मिला लाभ

न्याय साक्षी/रायगढ़। जतन जिला शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र रायगढ़ की सुविधा का लाभ लेकर रायगढ़ निवासी ढाई वर्षीय पार्थ सिंह को मिला सार्थक लाभ। पार्थ के पिता कुन्दन सिंह ने बताया कि उनका पुत्र पार्थ ऑटिज्म नामक बीमारी से पीड़ित हैं जिसको हिन्दी में स्वालिनता कहते है जिसमें बच्चा अपने आप में खोया रहता है। वह बहुत ही चंचल स्वभाव का है तथा एक जगह नहीं बैठता था। नजर से नजर नहीं मिलाता था। अपने धुन में ही खोया रहता था। उन्होंने बताया कि जतन जिला

शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र के फिजियोथैरेपिस्ट डॉ.सिद्धार्थ सिन्हा से संपर्क किया गया और उनके मार्गदर्शन में पार्थ का नियमित फिजियोथैरेपी किया गया। डॉक्टरों ने बताया कि नियमित इलाज के बाद पार्थ आवाज देने पर सुनता है। पुकारने पर प्रतिक्रिया देता है तथा समीप आ जाता है। पहले एक जगह बैठता नहीं था। अब एक जगह बैठने लगा है। साथ ही नजर से नजर मिलाने लगा है और अपने खिलौने से खिलने लगा है। पार्थ के पालकों ने खुशी जाहिर करते हुए डॉक्टरों को धन्यवाद दिया है। जतन जिला शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र की स्पेशल एजुकेटर श्रीमती महेश्वरी गुप्ता के द्वारा बच्चों को अनेक गतिविधियों में शामिल करके उनकी बौद्धिक क्षमता को बढ़ाने का प्रयास किया जाता है।

सामूहिक कन्या विवाह समारोह में 518 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

» मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने नव दम्पत्तियों को दिया आशीर्वाद

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की उपस्थिति में आज साईंस कॉलेज मैदान में नव दम्पत्तियों ने सात वचनों के साथ कुपोषण और कन्या भ्रूण हत्या रोकने की शपथ ली। मुख्यमंत्री ने सामूहिक कन्या विवाह समारोह में सभी नवदम्पत्तियों को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर 518 कन्याओं का विवाह सम्पन्न हुआ। मुस्लिम और इसाई धर्म के तीन-तीन जोड़ों का भी मौलवी और पादरी ने अपने-अपने रीति-रिवाज से विवाह सम्पन्न कराया। इन जोड़ों के साथ चार दिव्यांग जोड़ों ने भी सामूहिक विवाह में सात फेरे लेकर जीवन भर साथ रहने का वचन दिया। नव दम्पत्तियों ने सात फेरों और सात वचनों के साथ ही भ्रूण हत्या का

विरोध, बेटी के प्रति भेद-भाव नहीं करने, बेटी का स्वाभिमान एवं गौरव बनाए रखने की भी शपथ ली। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने नवविवाहितों को बधाई और शुभकामनाएं दी और उनके सुखमय जीवन की कामना की। मुख्यमंत्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि सामूहिक विवाह एक पुनीत कार्य है। हर माता-पिता को अपने बच्चों की शादी की चिंता होती है। आज के समय में शादी में लाखों रूपए खर्च हो जाते हैं। माता-पिता को शादी के लिए उपयुक्त वर-वधु मिलने के साथ ही शादी के खर्च की चिंता रहती है। सामूहिक विवाह योजना के माध्यम से कम खर्चे में शादी की सामग्री, पण्डाल, भोजन के साथ ही विधिवत तरीके से विवाह संस्कार सम्पन्न हो जाता है। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया, राज्यसभा सांसद श्रीमती छाया वर्मा, विधायकगण, महापौर ने भी नव दम्पत्तियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कभी भी दहेज प्रथा नहीं रही है। आशीर्वाद स्वरूप टिकावन के रूप में वधु के नये दाम्पत्य जीवन की शुरूआत के लिए जरूरी सामग्री दी जाती है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा 15 हजार रूपए को बढ़ाकर 25 हजार रूपए कर दिया गया है। इस राशि से 20 हजार की उपहार सामग्री तथा पांच हजार रूपए विवाह आयोजन व्यवस्था पर खर्च की जाती है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सभी जोड़ों को एक-एक पौधा, सुपोषण टोकरी, एक हजार रूपए का चेक सहित अनिवार्य विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र और दैनिक जीवन के उपयोगी की सामग्री भी प्रदान किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ी हाना 'घर बना के देख, बिहाव करके देख' कहते हुए विवाह को एक जिम्मेदारी बताया। मुख्यमंत्री ने सामूहिक विवाह को लेकर नजरिया और भाव बदलने की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि 'सोच बदलो सितारे बदल जाते हैं, नजरे बदलो नजारे बदल जाते हैं'। मुख्यमंत्री ने सामाजिक बुराईयों के खिलाफ जन चेतना लाने तथा पूरी रस्मों-रिवाज एवं वैदिक मंत्रों के साथ शादी सम्पन्न कराने पर गायत्री परिवार को बधाई और शुभकामनाएं दी। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया ने वर-वधुओं को नये जीवन की शुरूआत के लिए आशीर्वाद देते हुए मंगलकामना की। श्रीमती भेंड़िया ने कहा विवाह में होने वाले व्यापक खर्च और व्यवस्था की जरूरत होती है।

अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम को और अधिक सुविधा संपन्न बनाया जाएगा - मोहम्मद अकबर

रायपुर। वन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर ने 78 साल से लगातार सफलता पूर्वक महंत राजा सर्वेश्वर दास अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता आयोजित करने के लिए राजनांदगांव की जनता को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम को और अधिक सुविधा सम्पन्न बनाने हर संभव सहयोग का वायदा भी किया है। श्री अकबर कल शाम एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में आयोजित 78वीं महंत राजा सर्वेश्वर दास अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। वन मंत्री श्री अकबर ने कहा कि वर्ष 1947 से लगातार यह प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। राजनांदगांव को हॉकी के नाम से भी जाना जाता है। श्री अकबर ने कहा कि प्रदेश सरकार ने खेलों और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य खेल विकास प्राधिकरण का गठन किया है। प्राधिकरण के जरिए खेलों को विकसित करने और खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने सारगर्भित प्रयास किए जाएंगे। अकबर ने प्रतियोगिता में शामिल सभी टीमों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी और कहा कि खेल में जीत और हार दोनों के फायदे हैं।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480